>

Title: Raised issue regarding Chinese incrusion into the Indian territory.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): अध्यक्ष जी, कल सदन में हमारे रक्षा मंत्री जी ने लद्दाख का मुद्दा रखा है। सारे देश की उम्मीद यह है कि लद्दाख से चीनी सेना वापस जाए और हमें स्टेटस-को एंटे मिले। स्टेटस-को एंटे के लिए हम बराबर अपनी बात रखने की कोशिश की है, फिर भी कुछ मुद्दे ऐसे रह गए हैं, जिनके लिए मैं जरूरी समझता हूं कि हमारे रक्षा मंत्री को देश को तथा सदन को स्पष्टीकरण देना चाहिए। बड़ी मशक्कत से हमारी फौज की बहादुरी और शौर्य से हमें पैंगगोंग लेक के साउथ में कैलाश रेंज को अपने कब्जे में किया था। कैलाश रेंज अपने कब्जे में लाने के बाद चीनी फौज और चीनी सरकार के अंदर खलबली मच गई, लेकिन अभी डिसएंगेजमेंट हो रहा है, हमारा सवाल है कि डिसएंगेजमेंट के कारण हमने कैलाश रेंज को जो सुविधा मुहैया की है, क्या हम उसे छोड़ रहे हैं? हमारे रक्षा मंत्री जी ने कहा था कि वहां हमें एडवांटेज है। क्या हम एडवांटेज रख रहे हैं या ऐसा कुछ लेना-देना हो सकता है जिसे क्युइड-प्रो-क्यो कहते हैं, गिव एंड टेक पालिसी हो सकती है, क्या ऐसी कोई चर्चा हुई है या नहीं?

*m02

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): महोदय, मंत्री जी की स्टेटमेंट पर चर्चा नहीं हो सकती है।

माननीय अध्यक्ष : यह शून्य काल का विषय नहीं है।

श्री अर्जुन राम मेघवाल : यह शून्य काल का विषय नहीं है और रक्षा मंत्री जी ने जो कहा है, आप उसे नहीं मान रहे हैं। राहुल गांधी जी ने जो कहा, आप उसे मान रहे हो। जो रक्षा मंत्री जी ने कहा है, उसे आप नहीं मान रहे हैं। आपको रक्षा मंत्री

पर विश्वास नहीं है। आपको देश पर गर्व होना चाहिए कि इतना बड़ा एचीवमेंट हासिल किया है।

अध्यक्ष महोदय, अगर मैंने कोई आपत्तिजनक बात कही हो, तो उसे आप डिलीट कर दीजिए, एक्सपंज कर दीजिए, लेकिन मुझे अपनी बात तो रखने दीजिए। देपसंग प्लेस में चीनी फौज 18 किलोमीटर तक घुसकर आ गई है और हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। इसके चलते दौलत बेग ओल्डी खतरे में आ गया है। …(व्यवधान) मैं यह जानना चाहता हूं कि देपसंग प्लेस से चीनी फौज को हटाने के लिए इस सरकार ने आज तक क्या कार्यवाही की है, यह देश जानना चाहता है। मैंने अगर एक भी आपत्तिजनक बात कही हो, तो यह कह सकते हैं। मैं केवल एक लाइन कहना चाहता हूं। …(व्यवधान) "One of the most strategic and provocative incursions into the Indian territory by Chinese is in Depsang Plains. The Chinese have occupied our territory… " …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: अधीर रंजन जी, यह शून्य काल का विषय नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण विषय है। अत: आप अलग से नोटिस दे दीजिएगा। मैं आपको मौका दे दूंगा।

… (*Interruptions*)